अमर उजाला 10/11/2024

धातु-कर्म तकनीकी की दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में आई के एस सेल की ओर से प्राचीन भारतीय धातु कर्म तकनीक के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

इसमें मुख्य वक्ता डॉ. सतीश कुमार ने लोहे, तांबे, कांसे और अन्य धातुओं के शोध, उनके प्राचीन उपयोगों पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यशाला में लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इसके साथ ही कॉलेज में सी आर सी यूनिट और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के सहयोग से एक्सपोर्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। सी आर सी यूनिट की संयोजिका डॉ. भारती सुजान ने बताया कि इस साझेदारी से क्षेत्र में युवा वयस्कों के लिए कौशल अंतर को पाटने और रोजगार क्षमता को बढ़ाकर सकारात्मक प्रभाव पैदा करने की उम्मीद बढ़ेगी। भाषा और संस्कृत विभाग की ओर से आई के एस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय छात्र कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के बारे में बताया गया। छात्रों को कंप्यूटर पर संस्कृत भाषा टाइपिंग का प्रारंभिक ज्ञान और इसके विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई।

धातु कर्म पर आयोजित कार्यशाला में शामिल विद्यार्थी और अन्य स्टाफ। संस्थान